बजरंगी बेड़ा पार करो

आज दाँव लगी है मेरी आन,बजरंगी बेड़ा पार करो
पार करो बेड़ा पार करो-(२)
आज दाँव लगी है मेरी आन,बजरंगी बेड़ा पार करो

सब बैठे हैं आस लगाए,कुछ न कुछ सब मुझसे चाहें
तेरे हाथ है बाबा मेरी शान,बजरंगी बेड़ा पार करो

कितना चाहा बात बने न,खुशियों के हालात बने न
दुश्मन हो गया है ये जहान,बजरंगी बेड़ पार करो

तेरा ही है एक सहारा,तेरे सिवा यहाँ कौन हमारा
तू है भगतों की जान,बजरंगी बेड़ा पार करो

मेरी तुम अरदास सुनोगे,छोटा सा मेरा काम करोगे
'मोहित का बचा लो मान',बजरंगी बेड़ा पार करो

मोहित साई(भजन गायक एवं लेखक)
अयोध्याधाम
+919044466616

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2498/title/bajrangi-beda-paar-karo-aaj-daaw-lagi-hai-meri-aan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |